तापमान

अधिकतम 33.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि

रायपुर, बुधवार 10 जुलाई 2024

11 विद्युत सरप्लस वाला राज्य विद्युत कटौती का केंद्र बन गया



12 पटवारियों की हड़ताल से ठप हुआ राजस्व कार्य





## खबर संक्षेप



### जिला जेल में बंदियों का आयुष उपचार हुआ

**बलौदाबाजार।** राज्य स्वास्थ्य परिवार कल्याण विभाग आयुष द्वारा जिला जेल बलौदाबाजार में निरूद्ध बंदियों का आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति द्वारा परामर्श एवं इलाज कर दवाई वितरण की गई। लगभग 45 बंदियों को औषधि वितरण की गई। इसमें सभी प्रकार की बीमारियों का इलाज सुगर बीपी चेंक किया गया। इसमें वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. एलएस ध्रुव, फामार्सिट विनोद कुर्रे, औषधालय सेवक योगेन्द्र गेंडरे मौजूद थे।

### शहर पुलिस ने निभाया शिष्टाचार

**भाटापारा।** नगर के शहर थाना पुलिस ने नई दिशा में पहल की। पुलिस प्रशासन के सदस्यों ने शहीद संतोष ध्रुव के घर जाकर सम्मान स्वरूप श्रीफल भेंट किया। शहर थाना प्रभारी ने बताया शहीद परिवार संतोष ध्रुव के घर भाटापारा में जाकर फल भेंट करते हुए कुशल क्षेम जानने के लिए मुलाक़ात की। शहरवासियों ने पुलिस की इस शिष्टाचार पहल की सराहना की है।

### अज्ञात कारणों से लगाई फांसी



**महासमुंद।** पिथौरा थाना क्षेत्र के ग्राम अरंड में एक व्यक्ति ने अज्ञात कारणों से फांसी लगा ली। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 7 जुलाई की दरमियानी रात जीवराखन ध्रुव पिता उमेश ध्रुव (42 साल) निवासी ग्राम अरंड ने फांसी लगा ली। इसकी सूचना भुवन ध्रुव ने थाने में दी, जिस पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच विवेचना में लिया है।

### खेत से धान चोरी, छह आरोपियों में चार बुजुर्ग

**महासमुंद।** खेत से धान चोरी करने के मामले में सांकरा थाने में 6 लोगों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। सांकरा पुलिस ने न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी पिथौरा जिला महासमुंद छग के पारित आदेश के परिपालन में उक्त कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि प्रार्थी राजेश भोई पिता विसम्बर भोई (40 साल) निवासी सल्डीह ने काटकर खेत में रखे धान को गांव के भगत पिता धुबा (65 साल), श्रीमती लेरो पति हाडू (60 साल), मनोज पिता हाडू (38 साल), श्रीमती संगीता पति मनोज (60 साल), धनु पिता गजाधर (60 साल), श्रीमती भूमि पति धनु (55 साल) सभी निवासी सल्डीह द्वारा चोरी करके ले जाने की रिपोर्ट लिखाई थी। इस मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 379, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच विवेचना शुरू कर दी है।

### अंबेडकर चौक से स्कूटी चोरी

**महासमुंद।** रथ यात्रा के दौरान भगवान जगन्नाथ का दर्शन करने गई युवती 10 मिनट बाद लौटी तो उसकी स्कूटी गायब मिली। उसने



कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। नगर सैनिक पुष्पा सिंह ने बताया कि उसकी बहन पंकजनी सिंह रविवार को एक्टिवा से रथ यात्रा देखने अंबेडकर चौक गई थी, जहां शाम करीब 6:45 बजे एक्टिवा को ऋषभ इलेक्ट्रॉनिक के सामने अंबेडकर चौक के पास हैंडल लॉक कर खड़ी की। बाद वह भगवान जगन्नाथ का दर्शन कर प्रसाद लेकर वापस लौटी। तब तक उनकी एक्टिवा गायब हो गई थी।

# बीमार पशुओं के उपचार के लिए उपलब्ध हुई एम्बुलेंस सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

कोई भी पशुपालक बीमार पशु का इलाज के लिए चिकित्सा वाहन अपने स्थान पर बुला सकता है। इस पहल से अब पशु संरक्षण को बढ़ावा मिलने लगा है। इसके माध्यम से अब तक 40 हजार 783 पशुओं का उपचार, 11541 पशुओं में रोग जांच, 38 हजार 945 पशुओं को दवाईयां, 71 गायों का कृत्रिम गर्भाधान, 1818 निकृष्ट पशुओं का बधियाकरण और 29189 पशुओं का टीकाकरण किया गया है।

अच्छे इलाज के अभाव में जब पशुओं में बीमारी फैलने से उसकी मृत्यु हो जाती है, जिससे पशुपालक को भी हानि होती है। इससे किसान की आर्थिक स्थिति पर भी विपरीत प्रभाव पड़ता है। मोबाइल पशु चिकित्सा इकाई के कारण अब किसानों को बीमार पशुओं को अस्पताल तक पहुंचाने की चिंता भी कम हो गई है। मोबाइल चिकित्सा योजना के लागू हो जाने के बाद पशु संरक्षण को बढ़ावा मिलने लगा है। अब कोई भी पशुपालक अपने पशु के बीमार होने पर जल्द से जल्द चिकित्सा वाहन को अपने स्थान पर बुलवा सकते हैं और अपने पशुओं का अच्छे से समय पर इलाज करवा सकते हैं। इस योजना में चिकित्सा वाहन के माध्यम से बीमार पशुओं को घर-घर जाकर उचित इलाज किया जा रहा है। पशु चिकित्सा सेवाएं उप संचालक ने ▸▸ शेष पेज 11 पर

### इस पहल से अब तक हजारों पशुओं का उपचार किया गया



#### मोबाइल पशु चिकित्सा इकाई पशुपालक किसानों के लिए वरदान

राज्य के पशुपालकों को अपने पशुओं के बीमार होने पर चिंता होने की जरूरत नहीं है, क्योंकि अब वह आसानी से अपने स्थान पर चिकित्सा वाहन बुलवाकर अपने बीमार पशु का अच्छे से इलाज करवा सकते हैं। इस योजना के तहत केवल एक मोबाइल कॉल द्वारा बीमार गोवंश को बेहतर चिकित्सा का लाभ मिल रहा है। वहीं इंसानों की तरह ही अब पशुओं को भी चिकित्सा सुविधाओं का लाभ मिल रहा है, जिससे पशुओं में बीमारियां कम फैलने के कारण उनकी मृत्यु दर में कमी आ रही है। पशुपालकों ने बताया कि पशुओं के स्वास्थ्य के लिए अब चिंतित होने की आवश्यकता नहीं है। कोंडागांव जिले में मोबाइल पशु चिकित्सा इकाई पशुपालक किसानों के लिए वरदान बन गया है। कोंडागांव जिले में पशुओं को समय पर बेहतर चिकित्सा सुविधा पहुंचाने में यह सेवा बहुत ही कारगर साबित हो रही है।

**पहल**

*50 लाख की लागत से ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट निर्माण का किया भूमिपूजन*

# वित्त मंत्री ने किया 10 बिस्तर आइसोलेशन वार्ड का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भटगांव

प्रदेश सरकार के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने बरमकेला के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 87 लाख की लागत से निर्मित 10 बिस्तर आइसोलेशन वार्ड का उद्घाटन किया तथा 50 लाख की लागत से ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया, जिससे अंचल में खुशी का माहौल है। वित्त मंत्री ने अस्पताल व्यवस्था के साथ आरएनएम, पैथोलॉजी एवं अस्पताल परिसर का अवलोकन किया।

आरएनएम पहुंचकर वहां की महिलाओं से खाना पीना और स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी ली। वित्त मंत्री ओपी चौधरी क्षेत्र के विकास कार्य को लेकर काफी सजग और प्रयासरत हैं। उन्होंने अपने भाषण में नागरिकों को लगातार क्षेत्र में हो रहे विकास कार्य को लेकर राज्य सरकार के नीतियों को जनता के सामने बताया। इस अवसर पर वित्त मंत्री चौधरी ने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल भी लगातार सक्रिय रहते हुए काम करते हैं। उनको मैं इस अंचल रायगढ़ और बरमकेला में आने के लिए आमंत्रित किया हूं। जल्दी ही उनके साथ आऊंगा ताकि और भी कोई भी कमी उसको हम सब लोग मिलकर पूरा कर सके। हमारी सरकार किस तरह से मोदी की गारंटी को पूरा कर रही है। उसे आप लोगों ने बहुत अच्छे तरीके से देखा है। राज्य सरकार ने 25 दिसंबर की तारीख को अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर किसानों को 3 साल का बोनस के रूप में प्रदान करने का निर्णय कैबिनेट की पहली बैठक में लिया। लंबित 18 लाख गरीबों का पीएम आवास का निर्माण सीएम विष्णु देव साय के नेतृत्व की सरकार में किया जा रहा है।



#### मंत्री ने राज सरकार की योजनाओं की जानकारी

लोकसभा आचार संहिता के पूर्व किसानों को 3100 रुपए के दर से धान खरीदी की, जिन्हें केवल अंतर की राशि का भुगतान किया गया। इससे छत्तीसगढ़ के किसानों के ग्रामीणों के आर्थिक स्थिति किस तरह से समृद्ध हुई है, उसे आप सब लोग महसूस कर रहे हैं। सभी किसान को इस योजना का बड़ा लाभ मिला है और उसे छत्तीसगढ़ की ग्रामीण व्यवस्था को मजबूत करने में बहुत मदद मिली है। पूरे देश भर में महिलाओं के लिए महतारी वंदन योजना के अंतर्गत 70 लाख से अधिक माता-बहनों को प्रतिमाह 1000 भुगतान हो रहा है।

### 30 पौवा शराब जब्त आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▸▸| भाटापारा

पुलिस सहायता केंद्र निपनिया ने ग्राम निपनिया में अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले एक शराब कोचिया को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 30 पौवा देशी मसाला शराब जब्त की गई है, जिसकी कीमत 3300 रुपए आंकी गई है।

पुलिस ने बताया कि सोमवार को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम निपनिया में 30 वर्षीय आकाश निवासी सिंचाई कालोनी में अवैध रूप से शराब बेचता है। पुलिस ने गांव पहुंच घेराबंदी की और उसके कब्जे से 30 पौवा देसी मदिरा मसाला शराब जब्त की। आरोपी के विरुद्ध पुलिस सहायता केंद्र निपनिया, थाना भाटापारा ग्रामीण में धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार करते हुए जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।

## अपोलो कंपनी में मजदूर की मौत, प्रबंधक ने 28 लाख का मुआवजा दिया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार/सिमगा

अंचल के हथबंद थाना अंतर्गत ग्राम रिंगनी में स्थापित एपीएल अपोलो कंपनी में कार्यरत ग्राम केसदा निवासी करन साहू का 8 जुलाई की शाम 5 बजे करीब दो क्विंटल वजनी लोहा एन्गल को क्रेन में उठाते के दौरान अचानक एंगल के गिरने से घायल हो गया था। उसे एम्बुलेंस से रायपुर नारायणा हास्पीटल ले जाया गया, जहां डाक्टर ने जांच कर मृत घोषित कर दिया। वहीं मंगलवार को उचित मुआवजे की मांग को लेकर शिवसेना जिलाध्यक्ष ईश्वर प्रसाद निषाद व स्थानीय विधायक इंद्र साव अपने टीम के साथ कंपनी गेट पर



मौजूद थे। प्रशासनिक व्यवस्था में एसडीएम अंशुल वर्मा, तहसीलदार अनिरुद्ध मिश्रा हथबंद, ग्रामीण थाना क्षेत्र के दर्जनों पुलिस बल तैनात थे। कंपनी प्रबंधक द्वारा परीजनों को 28 लाख, पत्नी को 14 हजार मासिक पेंशन व एक व्यक्ति को नौकरी लगाने पर सहमति बनी। अन्यथा कंपनी गेट पर प्रदर्शन की तैयारी थी। वहीं मौके पर शिवसेना से जिलाध्यक्ष ईश्वर प्रसाद निषाद, ग्रामीण ▸▸ शेष पेज 11 पर

## सेक्स स्कैण्डल कांड में शामिल महिला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

जिला मुख्यालय में भयादोहन कर लाखों रुपए की वसूली करने वाले एक गिरोह का पुलिस ने भांडाफोड़ किया है। यह गिरोह धनाढ्या वर्ग के लोगों को सेक्स रैकेट, बलात्कार के मामले में फंसाने की नाम पर भयादोहन कर पैसे की मांग किया करते थे। पुलिस द्वारा अब तक की गई जांच पड़ताल में गिरोह ने भयादोहन कर 41 लाख रुपए की वसूली की है। जिनसे पूछताछ पर बलौदाबाजार शहर में भयादोहन कर लाखों रुपए की वसूली करने वाले एक गिरोह का भांडाफोड़ किया गया है। इस गिरोह द्वारा बहुत ही सुनियोजित तरीके से बलौदाबाजार शहर एवं आसपास के ▸▸ शेष पेज 11 पर

■ अब तक की जांच में गिरोह ने भयादोहन कर 41 लाख की वसूली की है



#### पूर्व में कुल 4 आरोपियों गिरफ्तार किया जा चुका है

इस मामले में थाना सिटी कोतवाली में पीड़ित पक्ष के लोगों से विस्तृत पूछताछ की गई है, जिसमें यह तथ्य सामने आया कि प्रकरण का सरगना फरार आरोपी के साथ अन्य आरोपियों द्वारा महिलाओं को पीड़ितों के घर में भेजा जाता था। उसके पश्चात पीड़ितों द्वारा बिना कोई अपराध किये ही उन्हें झूठे मामले में फंसाने की धमकी देकर, दबावपूर्वक, अपराधिक षड्यंत्र करते हुए, मोटी रकम उगाही की जाती थी। ऐसे मामले संज्ञान में आने पर जांच तस्दीक कर विवेचना कार्रवाई में लिया गया। प्रकरण में पूर्व में कुल 4 आरोपियों महान, दुर्गा, मोंटी उर्फ प्रत्यूष एवं रवीना को गिरफ्तार किया जा चुका है



## वन महोत्सव में एक पेड़ मां के नाम लगाए गए

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सिमगा

एक पेड़ मां के नाम, अभियान के तहत जिले का वन महोत्सव कार्यक्रम वनविभाग एवं भारत स्काउट गाइड के संयुक्त तत्वावधान में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय अर्जुनी में मनाया गया। कार्यक्रम में जिला के ख्याति लब्ध स्काउटर्स का सम्मान किया गया। इसमें सिमगा तहसील से मुबारक हुसैन का अभिनन्दन प्रदेश के केबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा द्वारा शाल, श्रीफल, प्रतीक चिन्ह, मोमेन्टो प्रदान कर किया गया। उल्लेखनीय है मुबारक हुसैन ने 1989 से लगातार स्काउटिंग गतिविधियां संचालित कर छात्र-छात्राओं को राष्ट्रपति एवार्ड, राज्यपाल एवार्ड, राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय जंबूरी रैलियों में शामिल कराया। उनके मार्गदर्शन में वृहद पौधारोपण, नशामुक्ति अभियान, सर्व धर्म सम्मेलन, राष्ट्रीय एकता कार्यक्रम, आयोजित किया गया। वर्तमान में सद्भावना मंच सिमगा भाटापारा परिक्षेत्र के अध्यक्ष हैं। इस मंच के माध्यम से अंचल के हर क्षेत्र की प्रतिभाओं का सम्मान, सद्भावना यात्रा आयोजित कर सर्व धर्म समभाव का संदेश दे रहे हैं। जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारतीय, स्काउट सचिव धनेश्वर वर्मा, राष्ट्र पति स्काउट असलम खान, आनंद यादव, भैषज वर्मा ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

■ जिले के ख्याति लब्ध स्काउटर्स का सम्मान किया गया

### भीम क्रांतिवीर छात्र संघ के प्रदेश अध्यक्ष गोपी बंदे एवं उपाध्यक्ष संदीप कोसले दबोचे गए

# तोड़फोड़ और आगजनी की घटना के दो आरोपी और गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

कलेक्टोरेट परिसर में तोड़फोड़ और आगजनी की घटना को अंजाम देने वाले भीम क्रांतिवीर छात्र संघ के प्रदेश अध्यक्ष गोपी बंदे एवं उपाध्यक्ष संदीप कोसले पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। दोनों आरोपी आंदोलन की तैयारी करने, रूपरेखा बनाने, आंदोलन के लिए अनुमति लेने एवं आयोजक समिति के अहम सदस्यों के रूप में शामिल थे।

अब तक बलौदाबाजार में तोड़फोड़ एवं आगजनी की घटना को अंजाम देने वाले कुल 158 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। 10 जून को बलौदाबाजार में आयोजित धरना प्रदर्शन में शामिल लोगों द्वारा आक्रोशित होकर पुलिस बल के साथ झूमाझपटी, पत्थर बाजी, मारपीट करते हुए संयुक्त कार्यालय परिसर एवं वहां खड़ी वाहनों में भी तोड़फोड़ करते हुए आग लगा दी थी। धरना प्रदर्शन का आयोजन करने वाले तथा इस दौरान में बलवा तोड़फोड़ एवं आगजनी करने वाले आरोपियों एवं उपद्रवी तत्वों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस की अलग–अलग टीमों का निर्माण कर संभावित स्थलों में लगातार दबिश दे रही है।



#### आंदोलन के लिए अनुमति लेने एवं आयोजक समिति के अहम सदस्यों में थे शामिल

प्रकरण में शामिल अन्य आरोपियों का वीडियो, फोटो, सीसीटीवी फुटेज एवं अन्य तकनीकी विश्लेषण के आधार पर पहचान कार्रवाई करते हुए सरगर्मी से पता तलाश जारी है। इसी क्रम में पुलिस द्वारा धरना प्रदर्शन का आयोजन करने, संपूर्ण कार्यक्रम की रणनीति बनाने, प्रदर्शन के लिए अनुमति लेने एवं धरना प्रदर्शन से जुड़े अन्य आवश्यक कार्यों में आयोजक समिति के सदस्य के रूप में शामिल लोगों का चिन्हांन कर उनकी गिरफ्तारी को प्राथमिकता के आधार पर लिया गया है, जिसके तहत पुलिस द्वारा सोमवार को प्रकरण में शामिल आरोपी गोपी बंदे एवं संदीप कोसले को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपी गोपी बंदे भीम क्रांतिवीर का छत्तीसगढ़ में छात्र संघ प्रदेश अध्यक्ष है। साथ ही संदीप कोसले भीम क्रांतिवीर का उपाध्यक्ष है। आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।

पाठक सूचना

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8224035555, 8370049468

## खबर संक्षेप



### देवपुरी के शिव मंदिर में पूजा के बाद किया पौधारोपण

**रायपुर।** वर्धमान नगर विकास समिति और आमा तालाब विकास एवं संरक्षण समिति, देवपुरी के संयुक्त तत्वाधान में देवपुरी में पौधा रोपण किया गया। रथयात्रा के मौके पर कालोनी के उद्यान स्थित शिव मंदिर में पूजा अर्चना की गई। इसके बाद समिति से जुड़े लोगों ने गणमान्य नागरिकों के साथ रूद्राक्ष, लाल चंदन, पारिजात, कचनार सहित विविध प्रजाति के 111 पौधों का रोपण किया। इसके साथ ही पौधों सुरक्षा की दृष्टि से ट्री गार्ड लगाया गया। पौधारोपण के कार्यक्रम में पर्यावरण प्रेमी हिरेंद्र देवांगन, एनआर नायडू, केके सिंह, पीके साहू, पीएल नायक, आईपी खटीक, हरदीप कौर, ऋषि बारले, चंपा देवांगन, विवेक वर्धन, आरएन शर्मा, उदय पाल जादौन, जिया उल हक, नीरज तिवारी, संदीप राठी,राम पटले सहित वार्ड के गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

### शिवसेना ने जलाया गो तस्करों का पुतला



**रायपुर।** शिवसेना (शिंदे गुट) रायपुर जिला इकाई द्वारा लगातार बढ़ रही गो तस्करी के विरोध में अभनपुर बस स्टैंड में गो तस्करों का पुतला दहन किया गया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष नरेंद्र प्रजापति ने बताया कि प्रदेश में लगातार गो तस्करी बढ़ रही है और ये गो तस्कर सोशल मीडिया में भी सक्रिय हैं। प्रदेश में सक्रिय गो तस्करों का पुतला जलाकर उन्हे समझाइश दी गई कि तस्करी छोड़ दो। पुतला दहन में मुख्य रूप से संजय सोनकर, किशन साहू, संजू साहू, सतीश निषाद, सोनू ठाकुर, राज फरिकार, भोला साहू, तुषार साहू, तरुण दौडेकर, मोनू निषाद, चांद यादव सहित बड़ी संख्या मे शिवसैनिक उपस्थित रहे।

### माचिस नहीं देने पर युवक को पीटा

**रायपुर।** टिकरापारा थाना में एक युवक ने एक अन्य युवक के खिलाफ माचिस देने के विवाद पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, संतोषी नगर निवासी दिलेश्वर ने अंकित भोसले के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। दिलेश्वर ने पुलिस को बताया कि रविवार को वह देर रात खाना खाने की बाद अपने घर के पास टहल रहा था। इसी दौरान अंकित ने उससे सिगरेट पीने माचिस मांगी। माचिस नहीं होने की बात कहने पर अंकित ने दिवेश्वर के साथ मारपीट की।

### गाय को ठोकर मारने के विवाद में मारपीट कार में तोड़फोड़

**रायपुर।** आजाद चौक थाना क्षेत्र में रविवार देर रात एक तेज रफ्तार कार की टक्कर से सड़क पर बैठी गाय के घायल होने के बाद आक्रोशित लोगों ने कार चालक का कोतवाली थाने तक पीछा किया। इससे घबराए कार चालक ने कोतवाली में सरेंडर कर अपने आपको बचाया। कार चालक तथा उसके एक अन्य साथी को पुलिस ने लोगों की भीड़ से बचाते हुए आजाद चौक पुलिस के सुपुर्द किया। पुलिस के मुताबिक गो-सेवक प्रीतम साहू ने कार सीजी-04 एचडी-6343 के चालक द्वारा गाय का एक्सीडेंट करने की शिकायत दर्ज कराई है। प्रीतम ने पुलिस को बताया कि घटना दिनांक को टाटीबंध से तेज रफ्तार कार के चालक ने गाय को ठोकर मार दी और मौके से फरार हो गया। इसके बाद लोगों ने कार चालक का बाइक तथा अन्य वाहनों से पीछा किया। कार चालक को लोगों ने कोतवाली थाने से चंद कदम की दूरी पर घेर लिया। लोगों की भीड़ से बचने कार चालक तथा कार सवार एक अन्य युवक कोतवाली थाने के अंदर घुस गए और अपने आपको पुलिस के हवाले किया।

# नई टिकट स्कीम से 24 घंटे में यात्रियों को मिल सकेगा रिफंड, नहीं करना होगा इंतजार

## वर्तमान में पैसे वापस आने में 3 दिन से एक सप्ताह तक का लग जाता है समय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय रेलवे में इन दिनों ज्यादातर यात्रियों की समस्या लगातार ट्रेन रद्द और फिर टिकट का रिफंड मिलने में देर बनी हुई है। यात्रियों की शिकायत रहती है कि उन्हें समय पर रिफंड नहीं मिलता। अपने पैसे के लिए कभी 3 दिन तो कभी सप्ताहभर का भी लंबा इंतजार करना पड़ता है। रेलवे ने यात्रियों की इस समस्या को अब खत्म करने का मन बना लिया है। जल्द ही टिकट रिफंड स्कीम लागू होगी, जिसमें यात्रियों को 24 घंटे के भीतर ही रिफंड मिल पाएगा। रेलवे लोकसभा चुनाव के बाद 100 दिन का एजेंडा तैयार कर लिया है, जिसमें रेलवे का जोर ज्यादा से ज्यादा ऐसी सुविधाएं प्रदान करना है, जिससे यात्रियों का सफर और बेहतर बन सके। एजेंडा में 24 घंटे टिकट रिफंड स्कीम, कॉम्प्रिहेंसिव सुपर ऐप, स्लीपर वंदे भारत ट्रेन और तीन इकोनॉमिक कॉरिडोर शामिल हैं। जोन के रेलवे अफसरों का कहना है कि नई स्कीम से टिकट कैंसिल करने और रिफंड में तेजी हो जाएगी। इस स्कीम से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि यात्रियों को 24 घंटे के भीतर में टिकट रिफंड के पैसे मिल जाएं।

### टीडीआर रिफंड प्रक्रिया से आएगी तेजी

रेलवे में टिकट डिपॉजिट रिसीप्ट, टीडीआर के कई मामले सामने आते रहते हैं। यदि यात्री कंफर्म टिकट को रद्द करवाना चाहते हैं, तो चार घंटे पहले टिकट काउंटर पर ही फार्म भरकर रिफंड मिल जाता है। यदि वेटिंग टिकट है तो आधा घंटा पहले भी आपको टिकट काउंटर से रिफंड मिल जाता है और ऑनलाइन टिकट के लिए कंप्यूटर से ही टिकट रद करा सकते हैं, लेकिन कहीं रेल हादसा हो गया है और यात्री प्लेटफॉर्म पर ट्रेन का इंतजार कर रहा है, तो ऐसे में चार्ट बन चुके होते हैं तो आपके लिए टीडीआर ही रिफंड का विकल्प है। इसके अलावा किसी आंदोलन के चलते ट्रेनों को रद्द कर दिया या फिर उनका रूट बदल दिया गया और यात्री टिकट का रिफंड लेना चाहता है तो टीडीआर भरना पड़ता है। पूरी प्रक्रिया में तीन दिन से अधिक समय लग जाता है। नई सिस्टम से रिफंड एक दिन में मिलेगा।



**भारतीय रेलवे के 100 दिन के एजेंडा में नई टिकट स्कीम भी शामिल जल्द मिलेगी सुविधा**

### सुपर ऐप भी करेगा कमाल

रेलवे की तरफ से एक सुपर ऐप भी लॉन्च करने की तैयारी है, जिसमें यात्रियों के लिए टिकट बुकिंग से लेकर ट्रेनों की लाइव लोकेशन देखने तक की सारी सुविधाएं एक ही जगह उपलब्ध रहेंगी। रेलवे के 100 दिन के एजेंडा में सभी यात्रियों के लिए एक बीमा योजना को पेश करना भी शामिल है जिसका नाम पीएम रेल यात्री बीमा योजना होगा।रेलवे के कायाकल्प की इस योजना में रेलवे को आधुनिक विश्व स्तरीय सुविधाओं से सुसज्जित करने के लिए अगले पांच वर्षों में 10 से 12 लाख करोड़ रुपये का निवेश शामिल है।

### प्रयास जारी

हमारा प्रयास रहता है कि यात्रियों को कम समय में रिफंड मिल सके। रिफंड स्कीम को लेकर वर्तमान में पत्र नहीं मिला है। जानकारी मिलने से सूचित किया जाएगा।

- **विकास कश्यप**, सीपीआरओ

## परसुलीडीह कॉलोनी के 600 मकानों में पानी रोज आपूर्ति का मामला

# हाउसिंग बोर्ड में पानी कैसे पहुंचा इसकी जांच नहीं, जल कर वसूलने में कोताही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी परसुलीडीह का मामला अब तूल पकड़ने लगा है। भीषण गर्मी में पानी की किल्लत होने पर कॉलोनी के लोग जब अप्रैल में जोन कार्यालय शिकायत करने पहुंचे, तब निगम को गड़बड़ी का पता चला था। इसके बाद कॉलोनी की जांच कराने और वहां रोज कितने पानी की आपूर्ति की जाती रही, इसके लिए एग्रीमेंट हुआ या नहीं, इसका पता लगाने और डिमांड तैयार करने में ही जिम्मेदार टाल-मटोल करने में लगे हैं। इससे टैक्स वसूली की प्रक्रिया अटक गई है। राजधानी में लोग नल की धार पतली होने, पेयजल की समस्या को लेकर टैक्स देने के बाद भी गर्मी में निगम को कोस रहे थे। इनमें सड्डू, मोवा और दलदल सिवनी क्षेत्र की बस्तियों में रहने वाले परिवार भी शामिल है। दूसरी तरफ विधानसभा और महालेखाकार दफ्तर तक रायपुर निगम द्वारा पेयजल आपूर्ति की जाती है। इसके बाहर परसुलीडीह में भी जोन की सड्डू स्थित पानी टंकी से आपूर्ति होती है। इससे जोन -9 के जिम्मेदार अनजान थे। नया जोन बनने के बाद हाउसिंग बोर्ड से जल प्रदाय के बदले टैक्स नहीं मिल रहा है। पता चला है कि उक्त एरिया 2019 से पहले जोन-2 का हिस्सा था। वहां से इस कॉलोनी का रिकार्ड जोन -2 से जोन -9 में दो महीने बाद भी नहीं पहुंचा है। इससे जल कर वसूलने के लिए जिम्मेदार डिमांड भी नहीं भेज पाए है।



### दोनों से मांगी गई जानकारी

अभी पुराने जोन कार्यालय और हाउसिंग बोर्ड से अनुबंध और टैक्स भुगतान लेने और देने की जानकारी मांगी गई है। अब अगर विलंब किया जाएगा, तो मामले की गंभीरता को देखते हुए हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में पेयजल आपूर्ति बंद की जाएगी।

- **संतोष कुमार पांडेय**, आयुक्त, जोन-9, ननि रायपुर

### मामले में इसलिए फंसा पेच

*परसुलीडीह हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी करीब 10 साल पुरानी है। वहीं निगम द्वारा कराए गए परिसीमन के बाद 2019 में जोन- 2 से यह क्षेत्र अलग होने के बाद जोन -9 में शामिल हुआ। इसके बाद भी कॉलोनी की राजस्व फाइल पुराने जोन में अटकी है। इसे देखते हुए जोन आयुक्त ने पुराने जोन के जिम्मेदारों से कॉलोनी में पानी आपूर्ति के लिए किए गए एग्रीमेंट और पूर्व में लिए गए टैक्स की जानकारी मांगी है। इसे पुराने जोन के जिम्मेदार 2 महीने बाद भी नहीं दे पाए है। यह पेच फंसने से निगम को जल कर नहीं मिल रहा है।*

### स्पाट जांच में मिली जानकारी

*निगम सीमा से बाहर बसी हाउसिंग बोर्ड की परसुलीडीह कॉलोनी में पानी की समस्या हर साल गर्मी में होती है। कॉलोनी में जोन-9 सीमा की सड्डू स्थित टंकी से पानी आपूर्ति होती है। इस कॉलोनी में 600 मकानों में चार लाख लीटर से ज्यादा पानी रोज सप्लाई की जाती है। लेकिन निगम द्वारा इसे नया जोन बनाने के बाद से जल प्रदाय का टैक्स नहीं मिल रहा है। मामले की जांच कराने के बाद निगम हाउसिंग बोर्ड को किस दर से पानी दे रहा है। पुराने जोन कार्यालय से अनुबंध हुआ या नहीं यह रिकार्ड भी खंगाल रहे हैं।*

# पुराने हास्टल की जगह नए अस्पताल भवन के पहुंच मार्ग में कई अड़चन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आंबेडकर अस्पताल की क्षमता बढ़ाने पुराने हास्टल की जगह बनाए जाने वाले नए भवन तक के पहुंच मार्ग में कई तरह की अड़चन है। भवन निर्माण के पहले इसे दूर करने की हिदायत दी गई है। साथ ही मुख्य मार्ग तक कनेक्टिविटी के लिए वैक्लपिक रास्ते की तलाश करने कहा गया है।

- प्रस्तावित भवन तक आवाजाही का रास्ता संकरा, विकल्प की तलाश

आंबेडकर अस्पताल की क्षमता और संसाधन बढ़ाने के लिए मेडिकल कालेज के पुराने हास्टल स्थल को चयनित किया गया है। सूत्रों के अनुसार भवन निर्माण के लिए हास्टल की जगह तो पर्याप्त है मगर मुख्य सड़क से वहां तक आवाजाही वाले मार्ग में कई तरह की समस्याएं हैं। मरचुरी के सामने से प्रस्तावित स्थल तक पहुंचना काफी दिक्कत बड़ा हैं क्योंकि कई मोड़ वाला यह मार्ग बेहद संकरा है, जिससे एंबुलेंस सहित अन्य वाहनों की आवाजाही में परेशानी हो सकती है। इसके अलावा मार्ग का उपयोग आडोटोरियम, पीजी गर्ल्स और यूजी ब्वायज हास्टल तक आवाजाही के लिए किया जाता है। भवन निर्माण के बाद वहां बढ़ने वाले मरीज और उनके परिजनों की भीड़ परेशानी का कारण बन सकती है, इसलिए भवन निर्माण शुरू करने से पहले नए अस्पताल भवन और मुख्य मार्ग तक पहुंचने के लिए वैकल्पिक रास्ता निकालने पर जोर दिया गया है।



### स्वास्थ्य मंत्री कर चुके निरीक्षण

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने पिछले दिनों अस्पताल के नए भवन निर्माण के लिए प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण भी किया था। उन्होंने स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार को ध्यान में रखते हुए निर्माण की प्रक्रिया शुरू करने से पहले कमियों को दूर करने के निर्देश अधिकारियों को दिया था। इस भवन निर्माण की योजना को राज्य शासन द्वारा अपने बजट में स्वीकृत किया था।

### 776 करोड़ की योजना

आंबेडकर अस्पताल की क्षमता बढ़ाने के लिए सात सौ बिस्तर का अस्पताल भवन बनाने के लिए 776 करोड़ की योजना बनाई गई है। यहां सात मंजिला भवन में उपचार की आधुनिक सुविधा जुटाने का दावा किया जा रहा है। अस्पताल भवन में उन विभागों को शिफ्ट किया जाएगा जिनके लिए पुराने भवन के वार्ड छोटे पड़ रहे हैं। इसके अलावा वहां मातृ एवं शिशु चिकित्सालय का अलग सेटअप भी तैयार किया जाएगा।

### सीजीएमएससी को जिम्मेदारी

भवन निर्माण और वहां संसाधन जुटाने का जिम्मा सीजीएमएससी को दिया गया है। उनके द्वारा भवन के ड्राइंग डिजाइन तैयार करने से लेकर भवन बनाने के लिए एजेंसी तय की जाएगी। भवन निर्माण के लिए आवश्यक तैयारियों शीघ्र शुरू किए जाने की संभावना है। इसके लिए पहले जर्जर हो चुके पुराने हास्टल भवन में धराशायी करने का काम पूरा किया जाएगा।

## यूजर चार्ज में संशोधन

# डूमरतराई थोक बाजार की दुकानों को फ्री होल्ड करने की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ चैंबर आफ कामर्स के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने यूजर चार्ज में व्यावहारिक संशोधन, थोक बाजार डूमरतराई में निर्मित दुकानों को फ्री होल्ड करने, प्रदेश के पारंपरिक बाजारों को स्मार्ट बाजार में विकसित करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। डूमतराई थोक बाजार में निर्मित दुकानों को फ्री होल्ड करने और प्रदेश पारंपरिक बाजारों को स्मार्ट बाजार में विकसित करने की मांग को छत्तीसगढ़ चैंबर आफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के पदाधिकारियों ने की है। प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी के नेतृत्व में कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव सहित चैंबर के प्रतिनिधिमंडल ने उपमुख्यमंत्री अरुण साव से मुलाकात कर यूजर चार्ज में व्यावहारिक संशोधन, थोक बाजार डूमरतराई के अंतर्गत दुकानों को फ्री होल्ड करने ज्ञापन सौंपा। इस पर विभागीय मंत्री अरुण साव ने सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए त्वरित कार्यवाही करने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

- चैंबर प्रतिनिधिमंडल ने नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव को सौंपा ज्ञापन

## आयोग की सिफारिश पर 16वें वित्त आयोग से मिलेगी राशि

# वित्त आयोग आज आएगा, रायपुर के बाद जगदलपुर भी जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केन्द्रीय वित्त आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया के नेतृत्व में 12 सदस्यीय दल 10 जुलाई की शाम राजधानी रायपुर पहुंच रहा है। यह दल 11 तारीख को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और मंत्रिमण्डल के सदस्यों और अधिकारियों के साथ राज्य की वित्तीय आवश्यकताओं, अधोसंरचना विकास तथा आर्थिक प्रगति सहित विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श करेगा। वित्त आयोग 12 एवं 13 जुलाई को जगदलपुर भ्रमण पर भी रहेगा।

केन्द्रीय वित्त आयोग के अध्यक्ष श्री पनगढ़िया के साथ आयोग के सदस्य अजय नारायण झा, एनी जॉर्ज मैथ्यू, मनोज कुमार पाण्डा, डॉ. सौम्य कांति घोष तथा आयोग के सचिव ऋत्विक रंजनम पाण्डेय, संयुक्त सचिव कमल कुमार मिश्रा, संयुक्त संचालक राघवेन्द्र सिंह एवं अन्य अधिकारी भी रायपुर पहुंचेंगे। जानकार सूत्रों के अनुसार प्रवास के दौरान आयोग यहां सरकार के साथ चर्चा करने के साथ ही पंचायत, नगरीय निकाय के प्रतिनिधियों से मुलाकात करेगा। इसके साथ ही उद्योग एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ भी बातचीत का कार्यक्रम है। आयोग नवा रायपुर का भ्रमण करने के साथ ही बस्तर भी जाएगा। राज्य के प्रवास से लौटने के बाद आयोग अपनी रिपोर्ट में यह अनुशंसा करेगा कि राज्य को 16वें वित्त आयोग से कितनी राशि दी जानी है केन्द्रीय वित्त आयोग के छत्तीसगढ़ प्रवास को लेकर वित्त सचिव मुकेश बंसल ने होटल मेफेयर में तैयारियों की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### बैठक में ये रहे उपस्थित

बैठक में संचालक कोष लेखा एवं पेंशन एवं नोडल अधिकारी 16वें केन्द्रीय वित्त आयोग महादेव कावरे, एनआरडीए के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सौरभ कुमार, रायपुर कलेक्टर गौरव कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह, रायपुर नगर निगम के आयुक्त अविनाश मिश्रा, संचालक जनसम्पर्क अजय अग्रवाल सहित नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग तथा सीएसआईडीसी के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### अधिकार अभिलेख के प्रारूप में बदलाव की तैयारी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में राज्य सरकार ने अधिकार अभिलेख के प्रारूप में बदलाव की तैयारी कर ली है। इस संबंध में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने प्रस्तावित प्रारूप का प्रकाशन राजपत्र में कराया है। इके साथ ही प्रारूप पर आपत्ति या सुझाव आमंत्रित किए गए हैं। इस पर दस दिनों बाद विचार किया जाएगा।राजस्व विभाग के मुताबिक जब जमीनों का सर्वे किया जाता है तो उसका एक रिकार्ड तैयार किया जाता है। यह रिकार्ड कुछ बिंदुओं पर आधारित होता है। अधिकार अभिलेख पहले से बना हुआ है लेकिन अब राज्य सरकार इसके प्रारूप में संशोधन करने जा रही है। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग का मानना है कि इस संशोधन से लोगों के प्रभावित होने की संभावना है। इसलिए राजपत्र में इसका प्रकाशन करके आपत्ति एवं सुझाव लिए जा रहे हैं। सूचना के प्रकाशन के दस दिनों पर इस पर विचार किया जाएगा।




# बिलासपुर में हवाई सुविधा बढ़ाने रायपुर में मार्च, सीएम को ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बिलासपुर में हवाई सुविधा का विस्तार करने लंबे समय से लड़ाई लड़ रहे जन संघर्ष समिति के सदस्यों ने राजधानी के गांधी मैदान से सीएम हाउस तक रैली निकाली। उन्होंने एयरपोर्ट के लिए सीमांकन की वजह से अटके भूमि हस्तातंरण सहित तीन सूत्रीय मांग को लेकर मुख्यमंत्री निवास जाकर ज्ञापन सौंपा। जन संघर्ष समिति के बैनर तले बिलासपुर में हवाई सुविधा शुरू करने के लिए लंबे समय से स्थानीय लोग आंदोलन कर रहे हैं।

- गांधी मैदान से सीएम हाउस तक जन संघर्ष समिति ने निकाली रैली

### पांच साल से संघर्षरत

*समिति के सदस्य पिछले पांच साल से बिलासपुर में हवाई सेवा बढ़ाने के लिए अपनी लड़ाई लड़ रहे हैं। बिलासपुर राज्य का दूसरा सबसे प्रमुख शहर है मगर यहां हवाई सुविधा पर्याप्त नहीं है । बिलासपुर से छत्तीसगढ़ के 10 और मध्य प्रदेश के 3 जिले नजदीक है इसके बावजूद हवाई सुविधा में कमी है।*

### सौ से ज्यादा लोग पहुंचे

*हवाई सेवा के विकास के लिए बिलासपुर से करीब सौ लोग सड़क मार्ग से रायपुर पहुंचे। इनमें काफी संख्या में महिलाएं भी शामिल थी। गांधी मैदान में एकत्रित होने के बाद वे बैनर पोस्टर लेकर सीएम हाउस के लिए रवाना हुए। इनमें रामशरण यादव, शेख नजरुद्दीन, सुदीप श्रीवास्तव राजेंद्र शुक्ला, मनोज तिवारी, स्वर्ण शुक्ला, महेश दुबे सहित कई लोग शामिल थे।*

### मूणत ने व्यापारी संघ की नई कार्यकारिणी को दिलाई शपथ

**रायपुर।** रायपुरा महादेवघाट स्थित राम-जानकी मंदिर परिसर में रायपुरा व्यापारी संघ द्वारा आमसभा एवं नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक राजेश मूणत बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में शामिल हुए। इसी दौरान विधायक श्री मूणत ने रायपुरा व्यापारी संघ की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को शपथ दिलाई। साथ व्यापारियों को हरसंभव सहायता का अश्वासन भी दिया। नवनिर्वाचित कार्यकारणी में अध्यक्ष नंदकुमार चक्रधारी, उपाध्यक्ष संजय सिंह व महेंद्र औसर, हेमलाल चक्रधारी, सोम चक्रधारी, मनोहर साहू, विनोद रात्रे, मुकेश साहू, सौरभ बख्शी, विनोद पांडे, वासु ठाकुर, रमेश साहू, गुलेश चक्रधारी, दिनेश छाबड़िया, जुगल राम चंद्राकर आदि हैं।

## स्ट्रीट लाइट बंद होने से शाम होते ही अंधेरे में डूब जाता है मोतीलाल नेहरू वार्ड

# जोन 9 कार्यालय के दरवाजे पर ग्रामीणों के साथ वार्ड पार्षद ने दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर के आउटर में स्थित जोन 9 के पंडित मोतीलाल नेहरू वार्ड में स्ट्रीट लाइट की लचर व्यवस्था और निकास नाली की अनदेखी को लेकर वहां के वार्डवासियों ने वार्ड पार्षद के साथ मोवा स्थित जोन दफ्तर में धरना दिया। पार्षद गोपेश साहू ने जोन कार्यालय के दरवाजे पर ग्रामीणों के साथ धरना देते हुए कहा कि शाम होते ही वार्ड अंधेरे में डूब जाता है। ज्यादातर स्ट्रीट लाइटें बंद पड़ी हैं, शिकायत के बाद भी जोन और निगम के अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे। पंडित मोतीलाल नेहरू वार्ड के पार्षद गोपेश साहू ने वार्ड की मूलभूत सुविधाओं की अनदेखी और जन समस्या को लेकर जोन 9 दफ्तर के सामने वार्डवासियों के साथ जोरदार प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि खराब सड़कें, जलभराव और वार्ड की ज्यादातर स्ट्रीट लाइटें बंद होने से लोग बेहद परेशान हैं। निकास नाली की समस्या एक अरसे से बनी हुई। इसका समाधान जल्द किया जाये। धरना प्रदर्शन में नेताजी सुभाषचंद्र बोस वार्ड के पार्षद रोहित साहू ने भी अपनी उपस्थित दर्ज कराई और नागरिकों को होने वाली समस्या के समर्थन में अपनी बात रखी। प्रभावित वार्ड के रहवासियों ने वार्ड पार्षद के साथ जोन 9 कमिश्नर संतोष पांडे को ज्ञापन सौंपा।

- ज्यादातर इलाकों में नाली निर्माण नहीं, सड़क पर बहता है गंदा पानी



### इन इलाकों में है स्ट्रीट लाइट की समस्या

- *राजधानी विहार सड्डू के सामने बंजरपारा बस्ती*
- *शांति सरोवर से कचना मार्ग*
- *रेलवे पटरी से कचना वाला मार्ग*
- *चंडी नगर पहुंच मार्ग*
- *बीएसएनएल आफिस से ऐश्वर्या बिल्डिंग तक*
- *आमासिवनी बस्ती, भवानी नगर*
- *प्रधानमंत्री आवासीय कालोनी सत्यमनगर*
- *भाठापारा एरिया*

### क्रेडा कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

छत्तीसगढ़ राज्य के क्रेडा कर्मचारी नौकरी के अनुबंध पत्र बनाये के विरोध सहित 6 सूत्रीय मांग को लेकर तूता में अनिश्चितकालीन धरना दे रहे हैं। लामबंद कर्मचारियों ने सोमवार को धरना स्थल पर सामूहिक उपवास रखकर शासन का ध्यान अपनी लंबित मांगों के प्रति आकर्षित कराया। प्रदेश के 28 जिलों में सेवाकर्ता के रूप में क्रेडा के अंतर्गत कलेक्टर दर 540 तकनीशियन व हेल्पर कार्यरत हैं, जिनसे नौकरी के नाम अनुबंध कराया जा रहा है। इससे क्रेडा के सेवाकर्ता कर्मचारी नाराज हैं। प्रदेश सचिव भूपेन्द्र साहू का कहना है, अनुबंध पर रोक लगाने और पूर्व में जिनकी नियुक्त संविदा आधार पर हुई उन सभी तकशियनों को संविदा आधार पर वेतन भुगतान किया जाये। विभाग में 2012 से अनियमित कर्मचारियों को नियमित किया गया उसी अनुरूप तकनीशियनों भी नियमित करने की मांग कर रहे हैं। इसके अलावा शासकीय अवकाश का लाभ दिया जाये। वर्तमान में प्रतिमाह कर्मचारियों को 3 हजार यात्रा भत्ता दिया जाये।



### कांग्रेस में कार्यकर्ताओं की इज्जत नहीं, कभी स्लीपर सेल तो कभी सत्ता भोगी कहा जा रहा

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज से अब पार्टी संगठन संभाले नहीं संभल रहा है और इसी बौखलाहट में अब वे भी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की भाषा बोलकर अपने कार्यकर्ताओं को सत्ता भोगी और न जाने क्या-क्या कहकर अपनी हताशा जगजाहिर कर रहे हैं। श्री श्रीवास्तव ने कहा, कार्यकर्ता किसी भी संगठन की रीढ़ होते हैं, लेकिन कांग्रेस में कदम-कदम पर अपने ही कार्यकर्ताओं को अपमानित करने मानो होड़ लगी हुई है। छत्तीसगढ़ में इसीलिए कांग्रेस रसातल में जा पहुंची है और कांग्रेस के नेता फिर भी जुबानी तौर पर बेलगाम होते जा रहे हैं।

## खबर संक्षेप



### बिजली विभाग की योजनाओं की धीमी प्रगति पर कलेक्टर ने जताई नाराजगी

**रायपुर।** जिले में बिजली विभाग की योजनाओं के धीमी गति से चल रहे कार्यों पर कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने नाराजगी जताई है। उन्होंने विभाग के अधिकारियों को काम में तेजी लाने तथा जल्द से जल्द काम पूरा करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर डॉ. सिंह ने रेडक्रॉस सभाकक्ष में सोमवार को विद्युत वितरण कंपनी के कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने प्रोजेक्ट डिवीजन व सिटी कंस्ट्रक्शन डिविजन के विभिन्न योजनाओं की जानकारी ली। कम प्रगति वाले कार्यों पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए अधूरे काम को शीघ्र पूर्ण करने के लिए निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले में पंप कार्यों के विस्तर की प्रगति की भी जानकारी ली। समीक्षा में अधिकारियों ने बताया कि 1241 नग पंप में से 1029 पंप के कार्य पूर्ण किए गए हैं। बाकी अपूर्ण हैं। कलेक्टर ने अधिकारियों को बाकी पंप के कार्य भी जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने पुराने बिजली ट्रांसफार्मरों को बदलने की प्रक्रिया जल्द शुरू करने के निर्देश दिए। बैठक में नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप भी उपस्थित थे।

### भाठागांव की शराब दुकानें बंद करने की मांग



**रायपुर।** रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड एवं भक्त माता कर्मा वार्ड में स्थित देशी-विदेशी शराब दुकान को लेकर क्षेत्र की जनता उद्वेलित है। भाठागांव बस्ती में स्वामी आत्मानंद स्कूल के पास और भक्त माता कर्मा वार्ड में वॉलफोर्ट सिटी के पास मुख्य मार्ग पर शराब दुकान के साथ चखना सेंटर खोले गए हैं। इस समस्या को लेकर सत्यमेव जयते फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष कन्हैया अग्रवाल ने कलेक्टर जनदर्शन में कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह को ज्ञापन सौंपा। इसी दौरान उन्होंने कहा, शराब दुकान से लगकर सोनकर पारा, आनंद नगर, ब्रह्मदेव कॉलोनी, दंतेश्वरी मंदिर, वॉलफोर्ट सिटी, आस्क सिटी, साहूपारा, बृजविहार कॉलोनी, बीएसयूपी, स्वामी आत्मानंद स्कूल सहित दर्जनों कॉलोनियां और अन्य बस्तियां हैं, जहां से गुजरते समय क्षेत्र के नागरिक, खासतौर पर महिलाएं भयभीत रहती हैं।

### कब्रिस्तान में किया पौधारोपण

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा जिला रायपुर द्वारा सोमवार को नए बिरगांव कब्रिस्तान जमीन में पौधारोपण किया गया। यह कार्यक्रम अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष अब्दुल नासिर खान की अध्यक्षता में किया गया। पौधारोपण करने वालों में मोर्चा से प्रदेश प्रभारी डॉ. सलीम राज, प्रदेश महामंत्री मखमूर खान, जिला महामंत्री लकविंदर सिंह, जिला उपाधयक्ष मोबीन खान, जिला मंत्री मासूम अली, जिला मंत्री मोज्जम मेमन, पुरानी बस्ती मंडल अध्यक्ष आरिफ खान, भानपुरी मंडल अध्यक्ष अजहर नदीम, उजैर कुरैशी, प्रदेश के पदाधिकारी असगर अली, गुलाम गौस, इरशाद अली सहित मुस्लिम समाज के लोग उपस्थित रहे।

### आपसी रंजिश के चलते मारपीट

**रायपुर।** खमतराई थाने में एक युवक ने दो अन्य युवकों तथा उसके साथियों के खिलाफ आपसी रंजिश के चलते मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, डब्लूआरएस कालोनी निवासी अमन चौहान ने आकाश यादव, प्रकाश तथा अन्य के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। अमन ने पुलिस को बताया कि पुरानी रंजिश के चलते आकाश तथा उसके साथियों ने रास्ते में रोककर उससे मारपीट की।



---

### ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष एवं विधायक प्रतिनिधि के नेतृत्व में हुआ आंदोलन

# विद्युत सरप्लस वाला राज्य बिजली कटौती का केंद्र बन गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिमगा के अध्यक्ष हिरेन्द्र कोसले एवं विधायक प्रतिनिधि शैली भाटिया के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में हो रहे बेतहाशा बिजली की कटौती एवं बिजली बिल में भारी वृद्धि हुई है, जिसके विरोध में सोमवार को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया।

कार्यकारी अध्यक्ष हीरेन्द्र कोसले ने बताया कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में भाजपा के सरकार जब से बैठी है, तब से पूरे समय बिजली नहीं दे पा रही हैं, जबकि कांग्रेस सरकार द्वारा विपरीत परिस्थितियों में उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए बिजली बिल हाफ योजना शुरू कर अपने कार्यकाल तक निभाते आए हैं। राजमहंत मोहन गायकवाड़ ने कहा कि भाजपा सरकार ने बिजली के दामों में 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी किया है, यह छत्तीसगढ़ की भोली भाली जनता के साथ घोर अन्याय है। इसे कांग्रेस कभी बर्दाश्त नहीं करेगी। चाहे इसके लिए सड़क से सदन तक लड़ाई क्यों न लड़नी पड़े। पार्षद दशरथ चंद्राकर ने कहा छत्तीसगढ़ राज्य कृषि प्रधान राज्य है, जहां पूर्व में कांग्रेस सरकार द्वारा आमजनों के साथ साथ किसानों को 24 घंटा बिजली आपूर्ति की जाती थी। रबी फसल लगाने वाले किसानों को भी बोरवेल चलाने के लिए बिजली निःशुल्क मिलती थी, जो हम सब के लिए फायदेमंद रहा। जिला उपाध्यक्ष सुनीता यादव ने कहा पिछले 6 माह में विद्युत सरप्लस वाला छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कटौती का केंद्र बन गया है। कार्यक्रम के प्रभारी विधायक प्रतिनिधि शैली भाटिया ने कहा कि सरकार किसानों के धैर्य की परीक्षा न लें, गांव में लो वोल्टेज अघोषित बिजली कटौती, ट्रांसफार्मर की कमी, सहकारी समितियों में बीज न मिलना ये सरकार की नाकामियों को बताता है। भाजपा से न सरकार संभल पा रही है और न ही व्यवस्थाऐं सरकार एक तो पूरे समय बिजली नहीं दे पा रही है उपर से उपभोक्ताओं पर महंगी बिजली का बोझ डाल रही है। सभा को अय्यूब खान, हीरालाल साहू, कुंजलाल साहू ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन दीनबंधु शर्मा ने किया। सभा के पश्चात कांग्रेसजनों ने राज्यपाल के नाम ज्ञापन तहसीलदार नीलमणि दुबे को सौंपा। उक्त अवसर पर ब्लाक अध्यक्ष कार्यकारी हिरेन्द्र कोसले, विधायक प्रतिनिधि शैली भाटिया, दीनबन्दु शर्मा, अशोक देवांगन, संजय कोसले, दशरथ चन्द्रकर, चन्दू साहू, विष्णु कोसले, हितेश साहू, मनोज सोनवानी, मनहरण सोनकर, कुंजराम साहू, हेमलाल साहू, सुनीता यादव, यूनुस खान, अय्यूब खान, कुलदीप सलूजा, अजित भट्ट, हीरालाल साहु, लक्ष्मण सोनकर, शाहिदा बेगम, सरिता धृतलहरे, बुद्ध दास वैष्णव, श्यामलाल देवांगन, रतिराज साहू, समेलाल साहू, मनीराम ध्रुव, घनाराम धृतलहरे, सुरेश गेंड्रे, लोकनाथ साहू, धन सिंह, देवचरन मार्कण्डेय आदि उपस्थित थे।



---

# दो महीने बाद हटेगा ब्रेक, जुलाई में सात दिन गूंजेंगी शहनाइयां



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

वैवाहिक शुभ मुहूर्त का इंतजार कर रहे लोगों के लिए जुलाई माह खुशियां लेकर आया है। इस माह 7 मुहूर्त है। इसके बाद दवशयनी एकादशी के बाद से वैवाहिक मुहूर्तों पर विराम लग जाएगा। गिने–चुने वैवाहिक मुर्हूत के चलते इस माह बड़ी संख्या में मांगलिक आयोजन होने की संभावना है।

गौरतलब है कि विगत दो माह से वैवाहिक मुर्हूत न होने पर लोगों को बेसब्री से शुभ मुर्हूतों का इंतजार बना हुआ था। जुलाई माह शुरू होते ही लोगों के बीच हर्ष का माहौल व्याप्त है। कारण यह है कि इस माह लगातार मुहूर्त है। पंचाग एवं पंडितों के मुताबिक जुलाई माह में 9, 10, 11, 12, 13, 15 तारीख का शुभ वैवाहिक मुहूर्त है। इसके चलते जिन्हें शुभ मुहूर्त का इंतजार था, उन्होंने मांगलिक आयोजनों के लिए तैयारियां शुरू कर दी है।

इधर जुलाई माह में पड़ने वाले वैवाहिक मुहूर्त को लेकर लोगों में उत्साह का माह में पड़ने वाले वैवाहिक मुहूर्त को लेकर लोगों में उत्साह का माहौल है।

जिनके यहां मांगलिक आयोजन होना है। उन्होंने पूर्व से ही सार्वजनिक भवन आरक्षित करा लिए हैं। इसके साथ ही व्यापक तैयारियों में जुटे हुए हैं। इस माह बड़ी संख्या में वैवाहिक आयोजन होने की संभावना जताई जा रही है। वैवाहिक आयोजनों से जुड़े तमाम व्यवसायियों की भी व्यवस्तता लगातार बने रहने की संभावना है।

#### बाजार में बढ़ी रौनक

वैवाहिक मुहूर्त के चलते बाजार में सामान्य दिनों की अपेक्षा इन दिनों लोगों की चहल–पहल बढ़ी है। लोग वैवाहिक आयोजनो से संबधित सामाग्रियो की खरीदी करने के लिए बाजार पहुंच रहे हैं। वहीं बाजार में व्यवसायियों की भी व्यस्तता बढ़ गई है। इसके साथ ही वैवाहिक आयोजनों से संबधित व्यवसायियों की भी आगामी दिनों में व्यस्तता बढ़ने की संभावना है।

---

## प्रतिभा सम्मान समारोह 14 को

**रायपुर।** अखंड ब्राह्मण समाज सेवा समिति छत्तीसगढ़ द्वारा 14 जुलाई को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में शाम 4 बजे से प्रारंभ होगा। इस कार्यक्रम में ब्राह्मण समाज के ऐसे बच्चे, जो इस सत्र के 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में 80 प्रतिशत या इससे अधिक अंक प्राप्त किए हैं, उनका सम्मान किया जाएगा। ऐसे बच्चों के माता-पिता पदाधिकारियों के नंबर पर संपर्क कर निशुल्क रजिस्ट्रेशन तत्काल करा सकते हैं। यह जानकारी समाज के अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाकर एवं कार्यक्रम में उपस्थिति प्रदान कर बच्चों को प्रोत्साहित करें। रजिस्ट्रेशन के लिए 9827110021, 7049090502 इस नंबर में संपर्क कर सकते हैं।

---

## प्रदेश में डबल इंजन की सरकार आम जनमानस के साथ छलावा कर रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी



■ बिजली कटौती और बिल में बढ़ोतरी पर विधायक संदीप ने प्रदेश सरकार पर लगाये आरोप

विद्युत दर में बढ़ोतरी एवं अघोषित बिजली कटौती को लेकर कसडोल विधायक संदीप साहू ने कहा कि पिछले पांच माह में विद्युत सरप्लस वाला छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कटौती का केंद्र बन गया है। ऐसा कोई दिन नहीं होता जब बिजली दो चार घंटे के लिये बंद न हो। छत्तीसगढ़ के अधिकतर गांवों में रात में तो बिजली की स्थिति और भयावह हो जाती है। घंटों बिजली गुल होने से आम जनता परेशान है। भाजपा से न सरकार संभल पा रही और न ही व्यवस्थायें। सरकार एक तो पूरे समय बिजली नहीं दे पा रही, ऊपर से उपभोक्ताओं पर महंगी बिजली का बोझ डाल रही है। वहीं एक तरफ अघोषित बिजली कट रही है। दूसरी ओर विद्युत दर में बढ़ोतरी कर सरकार आम जनता के जेब में डाका डालने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा है कि प्रदेश की डबल इंजन सरकार ने आम जनमानस के साथ छलावा किया है। लोकसभा चुनाव के मतदान के तुरंत बाद ही बिजली की दरों में बढ़ोतरी कर दी गई है। जिससे आम जनमानस बहुत त्रस्त हो चुके हैं। आमदनी में लगातार गिरावट और बेतहाशा बढ़ती हुई। चौतरफा महंगाई की मार के बाद अब उपभोक्ताओं को यह बिजली के बिल में बढ़ोतरी का अतिरिक्त बोझ भी सहन करना पड़ेगा। आम जनमानस की समस्याओं को लेकर सरकार को कोई ध्यान नहीं आर्थिक रूप से टूट चुके गरीब मध्य वर्ग को इस प्रस्तावित अतिरिक्त बोझ से राहत देने हेतु बिजली दरों में बढ़ोतरी का निर्णय को भाजपा सरकार तुरंत वापस लेकर आम जनता को राहत देने का काम करना चाहिए।

---

## एबीवीपी ने नई कार्यकारिणी की घोषणा की...



**भाटापारा।** विद्यार्थी दिवस के उपलक्ष्य में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद भाटापारा इकाई में नवीन कार्यकारणी का गठन किया गया एवं अतिथियों द्वारा युवाओं छात्र–छात्राओं का मार्गदर्शन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में कोमल शर्मा ने विद्यार्थियों को रामायण का उदाहरण लेकर जीवन के महत्व और युवावस्था बताया। मुख्य वक्ता राशि त्रिवेदी ने एबीवीपी के उद्देश्य और संगठनात्मक पहलू के विषय में जानकारी दी तथा आरएसएस जिला प्रचारक विवेकानंद के जीवन और अनुशासन के महत्व पर छात्राओं को संबोधित किए। पूर्व नगर मंत्री अभिषेक मिश्रा ने नवीन कार्यकारणी की घोषण की। इस आयोजन में नगर अध्यक्ष सोमेश सिन्हा, नगर मंत्री राजीव मिरझा बने। इसी प्रकार परिषद् में क्रमश: विभिन्न दायित्व लिया गया और आगे छात्रहित में काम करने का उदघोष किया गया।

---

## स्वामी आत्मानंद में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी विद्यालय रोहांसी में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष किरण संतोष बघेल थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने पालकों से अपील की कि वे बच्चों को नियमित स्कूल भेजे, उन्हे संस्कारवान बनाए, यही बच्चे कल के भविष्य है। इस अवसर पर जनपद सदस्य खिलेश्वरी साहू, वरिष्ठ भाजपा नेता हेमंत साहू, पूर्व माध्यमिक शाला के अध्यक्ष रूपेंद्र साहू, हरिकीर्तन यादव, कौशल साहू, ईश्वर बघेल, समन्वयक टीकाराम वर्मा, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रोहांसी प्रधान पाठक नंद कुमार साहू, जीवन लाल बंजारे शिक्षक, कल्याणी मैडम, कर्मोकर मैडम, लेखराम पटेल शिक्षक, शैल ध्रुव, बिंदेश्वरी, प्रदीप कुमार जायसवाल, संतोष कुमार जोशी, खेलवान घृतलहरे एवं शिक्षकगण तथा ग्रामीण उपस्थित थे।

---

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का स्थापना दिवस मना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी



अंचल में आखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई पलारी द्वारा एबीवीपी का 76वां स्थापना दिवस गायत्री मंदिर पलारी में हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यकर्ताओं द्वारा स्वामी विवेकानंद, भारत माता और सरस्वती माता की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। आखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पूर्व जिला सहयोजक लोकेश यदु ने बच्चों को संबोधित किया और सभी कार्यकर्ताओं का हाल चाल जाना। नगर मंत्री परमेश्वर साहू ने सभी कार्यकर्ताओं को एक जूट रहकर संगठन को मजबूत बनाने और सबको साथ रहकर संगठन को मजबूत बनाने की बात कही। उन्होंने कहा की आज का छात्र ही आने वाले कल का भविष्य है। छात्र जीवन उत्तम जीवन है, जिसमें हर वक्त कुछ ना कुछ सिखने को मिलता है। कार्यक्रम में नगर सह मंत्री डिकेशवर साहू, मनीष यादव, यशवर्धन वैष्णव, तरूण, गैन्दू, बिरेंद्र साहू, मनीष साहू, अश्विनी साहू, खिलेश वैष्णव, नीरज साहू, राहुल वर्मा, प्रिंस जायसवाल, गुलशन साहू, गगन साहू, मानस सिंह, निलेशवरी टंडन, नम्रता पटेल, अंजलि पटेल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

---

### परमार्श दात्री समिति की बैठक बुलाने मांग की

# कर्मचारी फेडरेशन ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन जिला शाख बलौदाबाजार द्वारा परमार्श दात्री समिति की बैठक बुलाने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञात हो कि जिला बनने के बाद परामर्श दात्री समिति की बैठक एक बार भी नहीं हुई है। कलेक्टर ने जुलाई में ही बैठक का आश्वासन दिया, जिससे अधिकारी-कर्मचारियों की समस्या समयमान वेतन, क्रमोन्नोति, एरियस आदि लाभों से वंचित हो जाते हैं। पर्रामश दात्री की बैठक होने से उपरोक्त समस्याओं के संबंध में कलेक्टर सोनी को अवगत करायेंगे एवं समाधान की अपील करेंगे। सभी अधिकारी कर्मचारी अपनी समस्या जो भी देयक राशि नहीं मिली है, उसे अपने अध्यक्ष के माध्यम से जिला संयोजक को प्रस्तुत करेंगे। इस संबंध में 14 जुलाई को दोपहर 12 बजे नयू सर्किट हाउस बलौदाबाजार में सभी अध्यक्षों एवं पदाधिकारियों का बैठक रखी गई है। इसमें अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने के लिए अपील की गई। ज्ञापन सौंपने वालों में जिला संयोजक डा. एलएस ध्रुव, महासचिव अविनाश तिवारी, उपाध्यक्ष प्रकाश कुमार तिवारी, आयुष जिला अध्यक्ष विनोद कुर्रे, स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ अध्यक्ष विजय साहू, दिगेन्द्र कुमार वर्मा, जिला उपाध्यक्ष रिपुसुदन साहू, ब्लॉक अध्यक्ष पलारी हितेन्द्र वर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष बलौदाबाजार बेनीराम साहू आदि उपस्थित थे। उक्त जानकारी जिला संयोजक डा. एल.एस. ध्रुव ने दी।



---

## पेज 9 के शेष

### बीमार पशुओं के...

बताया कि इस वाहन में रोग की जांच व उपचार के साथ ही कृत्रिम गर्भाधान और निकृष्ट बैलों के बधियाकरण के उपकरण की सुविधा भी उपलब्ध रहती है। यह वाहन प्रतिदिन तीन स्थानों पर शिविर आयोजित कर पशुओं के रोगों की जांच व उपचार करती है।

### अपोलो कंपनी ...

जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार यदु, कामगार जिलाध्यक्ष योगेश्वर वैष्णव, भाटापारा विधानसभा सचिव राजेंद्र वर्मा, बलौदाबाजार विधानसभा उपाध्यक्ष दिलीप चतुर्वेदी, सिमगा नगर अध्यक्ष वैभव चौबे, शंकर मनहरे, रिंगनी ग्रामध्यक्ष कोमल यादव, पंकज यादव आदि शिव सैनिक एवं सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

### सेक्स स्कैण्डल कांड...

धनाढ्य एवं विभिन्न शासकीय एवं प्राइवेट सेवाओं से सेवानिवृत्त हुए लोगों को अपने झांसे में लिया जाता था तथा उन्हें महिला संबंधी अपराध में फंसाने एवं लोक–लाज का भय दिखाकर लाखों रुपए की मोटी रकम वसूली की जाती थी। यह गिरोह बहुत ही शातिर तरीके से अपने काम को अंजाम देता था तथा गिरोह के सभी सदस्यों के मध्य काम का बंटवारा करते हुए सभी सदस्य अपनी अलग–अलग भूमिका निभाते थे। बुधवार को प्रकरण में फरार आरोपी पुष्पमाला 27 वर्ष निवासी शिव मंदिर के पास बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है। गिरोह का मुख्य सरगना एवं मास्टर माइंड तथा प्रकरण में शामिल अन्य आरोपी, जो कि अभी फरार है उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है।

# रथयात्रा हमारे समाज की धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर है : विधायक

## प्रभु जगन्नाथ को भोग लगाकर विधायक इन्द्र साव ने माता कर्मा प्रसादी विरतण प्रारंभ किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भाटापारा

नगर में इस वर्ष भी भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा के दिन नगर साहू समाज द्वारा रथ के पीछे माता कर्मा प्रसादी (खिचड़ी) प्रभु जगन्नाथ को भोग लगाने के पश्चात विधायक इन्द्र साव द्वारा प्रसादी का वितरण प्रारंभ किया गया। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा हमारे समाज की एक महत्वपूर्ण धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर है। यह रथ यात्रा हमें न केवल आध्यात्मिक शांति प्रदान करती है, बल्कि हमारे सामूहिक विश्वास और एकता को भी प्रकट करती है। भगवान जगन्नाथ की कृपा से हम सभी को इस पवित्र रथ यात्रा के माध्यम से प्रेम सद्भावना और एकता का संदेश मिल सके मैं सभी श्रद्धालुओं को इस शुभ अवसर पर अपनी शुभकामनाएं देता हूं।


इसके लिए नगर अध्यक्ष राजेश साहू ने सभी स्वजातीय पदाधिकारियों व कार्यक्रम को सफल बनाने सभी प्रयासरत कार्यकर्ताओं का आभार जताया, जो प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग कर इस कार्यक्रम से जुड़ कर इसे सफल बनाये।



### इनकी रही उपस्थिति

भगवान जगन्नाथ महाप्रभू के रथयात्रा के पीछे सभी भक्तजनों को नगर साहू समाज भाटापारा के पदाधिकारियों द्वारा माता कर्मा प्रसादी (खिचड़ी) वितरित करते हुए प्रभु जगन्नाथ के रथयात्रा के सहभागी बनें, जिसमें मुख्य रूप से नगर साहू समाज के अध्यक्ष राजेश साहू, वरिष्ठ उपाध्यक्ष घनाराम साहू, कल्याणी साहू, सचिव मनीराम साहू, सह सचिव जीत नारायण साव, कोषाध्यक्ष तिलक साहू, सलाहकार अजय साहू (अमृतांशु), तोरण साहू, लुकु साहू, उपाध्यक्ष रामचंद साहू, नंदू साहू, भागवत साहू, साहू छात्रावास प्रभारी नभ नारायण साहू, रवि साहू, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष पीतांबर साहू, निकेश साव, हरि किशन साहू, डॉ लोकचांद साव, हेमंत साहू, प्रवीण साहू, समाज सेवक पिलाराम साहू, फलेश साहू, लेवेश साहू,क्रांतिलाल साहू, सुरेश साहू, राधेश्याम साहू, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष कमला साहू, डॉ. वीणा साहू, नीरा देवी साहू, सती साहू, प्रमिला साहू, कामना साहू, लाला साहू, तरुण साहू, उमेश साहू के साथ ही चारों परिक्षेत्र व तहसील से आए हुए प्रमुख रूप से घनाराम साहू, कमलेश साहू, सहदेव साहू, कुलेश्वर साहू, तिहारू साहू व अन्य सामाजिक पदाधिकारी की उपस्थिति से कार्यक्रम सफ़ल हो पाया।

## खबर संक्षेप



### बढ़ते कदम संस्था का वृहद पौधारोपण अभियान 14 को

**भाटापारा।** प्रकृति के साथ खिलवाड़ एवं वनों की अन्धाधुन्ध कटाई से आज पर्यावरण असंतुलित हो गया है। जलवायु परिवर्तित हो गई है। वातावरण का तापमान बढ़ गया है, जिसके कारण आज पौधारोपण अति आवश्यक हो गया है। इसी कड़ी में बढ़ते कदम रायपुर संस्था द्वारा 14 जुलाई छत्तीसगढ़ में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। समाज के महेश चंदानी ने बताया कि विगत कोरोना काल में मरीजों को ऑक्सीजन देने में पूरा सिस्टम बिखर गया, वनों की कटाई रोकने का सबसे अच्छा तरीका पौधारोपण है। हर व्यक्ति को प्रतिवर्ष एक वृक्ष लगाने का संकल्प लेना चाहिए, भाटापारा में बढ़ते कदम रायपुर की प्रेरणा व सिंधी पंचायत के प्रदेश कोषाध्यक्ष कैलाश बालानी के सहयोग से वृहद वृक्षारोपण नगर के दाल मिल एसोसिएशन एवं पोहा मिल एसोसिएशन के सौंजन्य से 14 जुलाई को दोपहर 12 बजे से किया जाएगा। इस दिन एक हजार पौधों का वितरण एवं पौधा रोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

### अमरगुफा घटना की सीबीआई जांच के लिए बसपा 12 को सौंपेगी ज्ञापन

**गोपालपुर।** बलौदाबाजार जिले के अमरगुफा में 10 जून की घटना में दोषियों पर उचित कार्रवाई तथा तमिलनाडु में बसपा प्रदेश अध्यक्ष अधिवक्ता के. आर्मस्ट्रांग के नृशंस हत्या की सीबीआई जांच कराने की मांग को लेकर 12 जुलाई को 11 बजे राष्ट्रपति के नाम प्रदेश के सभी जिलों में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जायेगा। इसी तारतम्य में सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला में भी गुरु घासीदास पुष्पवाटिका ज्ञानस्थली सारंगढ़ में इकट्ठा होकर रैली की शक्ल में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जायेगा। सभी बहुजन समाज पार्टी जिला इकाई सारंगढ़ बिलाईगढ़ के समस्त पदाधिकारी व कार्यकर्ता इस कार्यक्रम में अधिक संख्या में शामिल होंगे।

### कॉलेज में लगाए गए फलदार और छायादार पौधे

**कसडोल।** प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा किये गये आव्हान 'एक पेड मां के नाम' के तहत शासकीय- नवीन महाविद्यालय, सोनाखान प्रांगण में महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा जनसमुदाय तथा वन विभाग की सहायता से फलदार पौधों का रोपण किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र-छात्राओं को पौधों की देखभाल के लिए महाविद्यालय के एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी निवेश दीक्षित द्वारा शपथ दिलायी गई। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्रामीणों को पौधारोपण से होने वाले लाभ के विषय में बताया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य आरसी जोशी द्वारा मां के नाम भी एक पौधा लगाया गया। उक्त कार्यक्रम में पुलिस विभाग से भी अधिकारी उपस्थित रहे, जिसमें कुबेर सिंह सहायक उपनिरीक्षक तथा वन विभाग से योगेश कुमार साहू वनपाल तथा ग्राम पंचायत सोनाखान से सरपंच प्रतिनिधि रुपेश साहू और पंचगण उपस्थित थे। शिक्षा विभाग से प्रधान पाठक रामनारायण साहू तथा शास महाविद्यालय सोनाखान के समस्त शैक्षणिक स्टॉफ उपस्थित रहा।

### नगर के शीतला मंदिर में माता पहुंचनी कल

**महासमुंद।** नगर के मां शीतला मंदिर में 11 जुलाई 2024 गुरुवार को माता पहुंचनी का आयोजन किया गया है। जिसमें सुबह से देर शाम तक माता की विशेष पूजा अर्चना कर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया जाएगा। मंदिर समिति के सदस्य भाऊ राम साहू ने बताया कि माता पहुंचनी के आयोजन की तैयारी के लिए मंदिर समिति जुटे हैं। उन्होंने समस्त नगरवासियों से माता पहुंचनी के अवसर पर मां शीतला मंदिर में दर्शन लाभ लेने उपस्थित होने आग्रह किया है।



# पटवारियों की हड़ताल से ठप हुआ राजस्व कार्य

**32 सूत्रीय मांगों को लेकर जारी है आंदोलन**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पलारी

विगत वर्षों की मांगों और समस्याओं का निराकरण नहीं होने एवं भुइयां साफ्टवेयर में हो रही समस्याओं जैसे 32 सूत्रीय मांगों को लेकर पलारी तहसील के राजस्व पटवारी सोमवार से हड़ताल पर चले गए हैं। पटवारियों ने राजस्व पखवाड़ा का पूरी तरह बहिष्कार कर दिया है। इसका सीधा असर शासन प्रशासन के राजस्व संबंधी सभी काम प्रभावित हो रहे हैं। संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि ऑनलाइन कार्य करने के लिए आज तक किसी भी प्रकार की सुविधा यथा कप्यूटर, लैपटाप, प्रिंटर, स्कैनर, इंटरनेट आदि उपलब्ध नहीं कराई गई है। पटवारी अपने संसाधन से ऑनलाईन का कार्य करते हैं जो कि पटवारियों पर अतिरिक्त व्यय भार है। अतः पटवारियों को आवश्यक संसाधन व नेट भत्ता उपलब्ध कराया जाए। उपरोक्त के संबंध में पूर्व में भी राजस्व सचिव और संचालक भू अभिलेख को ज्ञापन भी सौंपा गया था, जिसका आज पर्यन्त तक निराकरण नहीं किया जा सका, जिससे प्रदेश के सभी पटवारी निराश व हताश हैं। जिले स्तर पर सहायक प्रोग्रामरों की पदस्थापना की जाए। अभी छोटी-छोटी समस्या के लिये प्रोग्रामरों के निर्देशन की आवश्यकता पड़ती है। बार-बार रायपुर बुलाया जाता है जो कि व्यवहारिक नहीं है। वहीं त्रुटिपूर्ण खसरे जो बैंक में बंधक है जिनकी सूची बनाकर रायपुर भेजी गई है। ऑनलाईन नक्शा बटांकन, संशोधन पहले पटवारी आईडी में संशोधित कर राजस्व निरीक्षक की आईडी में भेजा जाता है, जिसके कारण जब तक राजस्व निरीक्षक आईडी से अनुमोदन नहीं होता तब तक उस नक्शे से संबंधित अन्य बटांकन या संशोधन नहीं किया जा सकता। इस कारण अनावश्यक विलंब होता है। पटवारी द्वारा अनुमोदन के लिए भेजा नक्शा बटांकन प्रस्ताव पटवारी आईडी में नहीं दिखता है, जिससे त्रुटि की संभावना रहती है। सामान्यतः नक्शा का सर्वर अधिकांश नहीं खुलता है और खुलता भी है तो अत्यंत ही धीमा रहता है।



### नहीं बन रहे मूलनिवास, जाति और आय प्रमाण पत्र

पटवारियों की हड़ताल से राजस्व संबंधी सारे काम ठप हो गए हैं। पटवारियों के हड़ताल पर जाने से छात्रों को भी कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। छत्तीसगढ़ में शैक्षणिक सत्र 2024-25 की शुरुआत हो गई है। ऐसे में छात्रों को कॉलेजों, स्कूलों और छात्रवासों समेत अन्य शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश पाने के लिए कई तरह के प्रमाण पत्रों और पटवारी टीप की जरूरत होती है। पटवारियों की हड़ताल से छात्रों को आय प्रमाण पत्र, मूल निवासी, जाति प्रमाण पत्र, समग्र, राशन कार्ड, नामांतरण, बंटवारा समेत ऐसे कई काम हैं, जो कि पटवारी की टीप के बगैर संभव नहीं है। ऐसे में लोगों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# अभाविप के अध्यक्ष रितेश और मलय बने नगर मंत्री









हरिभूमि न्यूज ▸▸| कसडोल

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद संगठन का मंगलवार को स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इसी तारतम्य में अभाविप कसडोल इकाई के कार्यकर्ताओं द्वारा स्थापना दिवस मनाया गया। साथ ही नवीन कार्यकारणी की घोषणा भी की गई। कसडोल इकाई की बैठक नगर के साहू धर्मशाला में आयोजित की गई, जहां मुख्यवक्ता संगठन के विभाग संयोजक राधेश्याम साहू एवं अध्यक्षता जिला संयोजक उदित भारद्वाज व पूर्व नगर अध्यक्ष नरेंद्र डड़सेना की उपस्थित में संपन्न हुई। अतिथि स्वागत पश्चात मुख्यवक्ता विभाग संयोजक राधेश्याम साहू द्वारा अभाविप स्थापना दिवस पर प्रकाश डाला गया। तत्पश्चात पूर्व नगर अध्यक्ष नरेंद्र डड़सेना द्वारा अभाविप कसडोल इकाई ने पूर्व में किये गए कार्यों का वृत्त रखा। कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे जिला संयोजक उदित भारद्वाज द्वारा नवीन कार्यकारणी की घोषणा की गई।

- अभाविप कसडोल इकाई की नई कार्यकारिणी का हुआ गठन

अभाविप कसडोल के नवीन कार्यकारणी में नगर अध्यक्ष रितेश जायसवाल, नगर मंत्री मलय साहू, सहमंत्री द्वै फाल्गुनी सोनी, अभिषेक नवरंगे, महाविद्यालय प्रमुख युवराज साहू, विद्यालय प्रमुख याचना पटेल, एसएफडी प्रमुख सुनील कुमार, सह एसएफडी प्रमुख नवीन निराला, एसएफएस प्रमुख दुष्यंत, सह एसएफएस प्रमुख तनीषा पैकरा, आरकेएम प्रमुख शेषनारायण वर्मा, सह आरकेएम प्रमुख बिंदु पैकरा, सोशल मीडिया प्रमुख प्रकृति जायसवाल, एनएसएस प्रमुख फुलेश्वरी बंजारे, सह एनएसएस प्रमुख हरीश पटेल, नगर कार्यकारणी सदस्य ईशा वैष्णव को नवीन जिम्मेदारी मिली है। गठन पश्चात अतिथियों द्वारा कसडोल इकाई के सभी दायित्वान कार्यकर्ताओं को नवीन दायित्व के लिए शुभकामनाएं दी गई।

# श्री सीमेंट में एक पेड़ मां के नाम अभियान चला



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

श्री रायपुर सीमेंट प्लांट में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत 4 से 9 जुलाई तक पौधा रोपण कार्यक्रम आयोजित किया।

कार्यक्रम के तहत श्रीरायपुर सीमेंट प्लांट एवं श्रीलाईमस्टोन माइन परिसर में छायादार एवं फलदार पौधे लगाये गये और उनकी सालभर देखरेख की जिम्मेदारी दी। इस दौरान प्लांट के क्लस्टर हेड मनोज कुमार श्रीवास्तव ने सभी को अपने घरों व सार्वजनिक स्थानों पर पौधे लगाने के लिये प्रेरित किया। उन्होंने यह भी बताया कि पौधारोपण अभियान के तहत 4600 पौधे प्लांट एवं लाइमस्टोन माइस परिसर में लगाये गये। इस दौरान अक्षय जैन, अनिल कुमार पाठक, अमित चौहान, राजेन्द्र सिंह सोढा, चेतन कपाही, डॉ. संतोष कुमार, बिमल कुमारझा, अभिषेक सिंह चौहान, चेतन कपाही, गोपाल मानिकपुरी, गजेन्द्र सिंह रघुवंशी, नित्यानंद शुक्ला, अशोक वर्मा, लालबहादुर इत्यादि उपस्थित रहे। पर्यावरण विभाग से अनुभव त्रिवेदी एवं अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

## शिविर में पटवारी, आरआई और तहसीलदार ने किया राजस्व प्रकरणों का निराकरण

**मुड़पार/सरसीवा।** बिलाईगढ़ अनुविभाग में मंगलवार को नगरदा, सेंदुरस और सलौनीकला में राजस्व शिविर का आयोजन किया गया। नगरदा शिविर, बिलाईगढ़ तहसील के ग्राम पंचायत नगरदा में आयोजित शिविर में अलीकूद, नगरदा, बेलमुड़ी, सोनियाडीह, गोरबा, तेन्दूमुरी, दोमुहानी, बेल्हा और माहूलडीह के ग्रामीण शामिल हुए और राजस्व संबंधी प्रकरणों से संबंधित आवेदन सौंपा।

भटगांव तहसील अंतर्गत सलौनीकला में आयोजित शिविर में सलौनीकला, मधुबनकला और गिरवानी के नागरिक शामिल हुए और राजस्व प्रकरणों का निराकरण कराये। सरसींवा तहसील के सेंदुरस में आयोजित शिविर में ग्राम पीपरभवना, तेन्दुवा, बेन्दुवा, मधुबनखुदं धनगांव, करनापाली, तौलीडीह, झुमका और सेन्दुरस के ग्रामीण अपने राजस्व प्रकरणों का निराकरण कराया। बिलाईगढ़ अनुविभाग में एसडीएम, राजस्व निरीक्षक और 3 पटवारी शैलेंद्र पटेल, संतोष पाण्डेय और विमल राणा शिविर में मौजूर रहे।

# जिले में समग्र विकास आर्थिक पैकज की मांग, चलाया हस्ताक्षर अभियान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बिलाईगढ़

सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिला में क्षेत्र के विकास को लेकर समग्र विकास आर्थिक पैकज की मांग को लेकर समाज सेवी खूबचंद मिरी, देवानंद मार्कण्डेय, अरविंद महिलांगे, संजय सोनवानी, गोसाई भारद्वाज, विजय अजगल्ले एवं उनके साथियों द्वारा हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है। अभियान का मुख्य उद्देश्य बुनियादी ढांचा विकास, स्वास्थ्य सेवाएं, कृषि आधारित कुटीर उद्योग की स्थापना एवं प्रशिक्षण, उच्च शिक्षा के लिए विश्वविद्यालय की स्थापना, क्षेत्र में शिक्षा एवं रोजगार की व्यवस्था को सुदृढ़ बनाना है। इसमें बताया गया है कि सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिला का समग्र विकास करने के लिए 10 हजार करोड़ का विशेष पैकेज दिया जाना आवश्यक है। बुनियादी ढांचा विकास के लिए जिले में सड़क, पानी, बिजली, पानी सप्लाई एवं संचार सुविधा की कमी है। स्वास्थ्य सेवाओं में पर्याप्त सुविधाओं की कमी है। इस पैकेज के माध्यम से अस्पतालों, स्वास्थ्य केंद्रों व दवाखानों का निर्माण एवं उन्नयन किया जा सके, जिससे क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सके। क्षेत्र में शिक्षा एवं रोजगार का अवसर बढ़ाने स्कूल, कृषि कॉलेज, मेडिकल कालेज सर्वसुविधायुक्त एवं प्रशिक्षण केंद्रों की स्थापना की जा सकेगी। इससे शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार होगा। साथ ही युवाओं के लिए नये रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। क्षेत्र को एजुकेशन हब के रूप में विकसित करने की मांग की गई है।



- समाजसेवियों ने क्षेत्र में कृषि आधारित कुटीर उद्योग की स्थापना एवं प्रशिक्षण केंद्र की मांग की

साथ ही उच्च शिक्षा के लिए बिलाईगढ़ में विश्वविद्यालय की स्थापना की जाए। वर्तमान में सारंगढ़ बिलाईगढ़ के युवाओं को उच्च शिक्षा के लिए 100 किलोमीटर दूर रायपुर-बिलासपुर जाना पड़ता है। जिससे भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वहीं यहां के युवाओं उच्च शिक्षा के प्रति आकर्षण नहीं है और बेरोजगारी के शिकार हो रहे हैं। कृषि आधारित कुटीर उद्योग की स्थापना एवं प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना की जाए, ताकि प्रतिवर्ष कम से कम 10 हजार युवाओं, महिलाओं को रोजगार का अवसर मिल सके।

## अब दो पालियों में शहर की सड़कों से मवेशी पकड़ेगी काऊकैचर की टीम

**रायपुर।** रायपुर नगर निगम का काउकैचर दस्ता अब दो पाली में निगम क्षेत्र के प्रमुख व रिहाइशी इलाकों की सड़कों को मवेशियों के झुंड से सुरक्षित रखने धरपकड़ अभियान चलायेगा। निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने उच्च न्यायालय के आदेश के परिपालन में प्रतिदिन सुबह 6 बजे से काउकेचर टीम को एक्टिव रखने निर्देश दिये हैं। इस कार्य की मानिटरिंग करने अपर आयुक्त राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता को नोडल अधिकारी और उपायुक्त हेमशंकर देशलहरा तथा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही को सहायक नोडल अधिकारी बनाया है। रायपुर नगर निगम के 10 जोनों में अब जोन स्तर पर शहर की सड़कों पर यातायात बाधित कर रहे मवेशियों की धरपकड़ कर गोठान और कांजी हाउस भेजा जायेगा। कैटल केचमेंट क्षेत्र और सड़कों को मवेशियों से मुक्त करने निगम प्रशासन नियमित रूप से दो पालियों अभियान चलायेगा।

## जिले के 170 गंभीर बच्चों का परीक्षण कर दवाएं उपलब्ध करवाई गई

# शिविर में 93 कुपोषित बच्चों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मुड़पार/सरसीवां

जिले में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मुख्यमंत्री बाल सन्दर्भ योजना के अंतर्गत जिले के कुल 170 गंभीर बच्चों का परीक्षण कर दवाएं उपलब्ध करवाई गई। इस दौरान शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. साय, डॉ. अनिल सिदार एवं महिला बाल विकास के सेक्टर पर्यवेक्षक श्रुति चौहान, मुस्कान अग्रवाल और विजेता केशरवानी सहित आगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

- मुख्यमंत्री बाल संदर्भ योजना के तहत शिविर में डॉक्टरों ने दी चिकित्सीय सलाह



योजना अंतर्गत कुपोषित बच्चों को कुपोषण के चक्र से बाहर लाकर कुपोषण की दर में कमी लाने के लिए योजना का संचालन कराया जा रहा है। इस योजना के तहत कुपोषित एवं संकटग्रस्त बच्चों को चिकित्सीय परीक्षण एवं बाल रोग विशेषज्ञों द्वारा परामर्श की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। परियोजना कोसीर में महिला बाल विकास विभाग द्वारा स्वास्थ्य विभाग की सहभागिता में सेक्टर छिंद में स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन कर निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। विशेषज्ञ चिकित्सकों की मौजूदगी में हुए स्वास्थ्य शिविर में आसपास के ग्रामों के कुल 93 कुपोषित बच्चे लाभान्वित हुए। इसी प्रकार परियोजना सारंगढ़ में महिला बाल विकास विभाग द्वारा स्वास्थ्य विभाग की सहभागिता में सारंगढ़ शहरी, ग्रामीण, हरदी व दानसरा सेक्टर में हुए स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श शिविर में आसपास के ग्रामों के कुपोषित बच्चों की जांच की गई और उनके अभिभावकों को पोषण आहार के सन्दर्भ में सलाह दी गई। शिविर में शहरी क्षेत्र सारंगढ़ के वार्ड 03, 13, 10, कटेली, दुर्गापाली व ग्रामीण क्षेत्र से हरदी रेडा खरवानी बड़े, खररी बड़े व परियोजना कोसीर अंतर्गत सेक्टर छिंद से परसापाली, चंदाई, गायदरहा, खोखसीपाली, बोरीदा, कुधरी, छिंद, सोडिका, कलमी, रापागुला, कटेकोनी, सराईपाली, बेलपाली के बच्चे शामिल हुए।

# महाविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| लवन




शासकीय महाविद्यालय लवन में एमएससी प्राणी शास्त्र विषय में प्रवेश प्रारंभ हो गया है। उच्च शिक्षा विभाग ने अकादमिक सत्र 2024-25 से स्ववित्तीय मद द्वारा महाविद्यालय में एमएससी प्राणी शास्त्र पाठ्यक्रम प्रारंभ किया है। प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार उपाध्याय ने बताया कि शासकीय महाविद्यालय लवन उत्कृष्ट गुणवत्ता की उच्च शिक्षा प्रदान करने हेतु प्रतिबद्ध है तथा इस कड़ी में छात्र छात्राओं, पालकों और जनप्रतिनिधियों की मांग पर नवीन स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम प्रारंभ किया गया है। शासकीय महाविद्यालय लवन में भारत सरकार के जैव प्रौद्योगिकी विभाग की स्टार कॉलेज योजना संचालित की जा रही है, जिससे महाविद्यालय में उच्च स्तरीय प्रयोग तथा अध्यापन कार्य कराया जा रहा है। तत्काल व्यवस्था में एमएससी प्राणी शास्त्र में प्रवेश हेतु इच्छुक छात्र-छात्राएं महाविद्यालय में ऑफलाइन आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं। इसके साथ ही पूर्व से संचालित एमएससी रसायन शास्त्र, एम ए हिंदी, एम ए राजनीति विज्ञान, पीजीडीसीए, डीसीए सहित स्नातक स्तर के जीव विज्ञान, गणित, वाणिज्य और कला संकाय में प्रवेश हेतु द्वितीय मेरिट सूची जारी कर दी गई है।